सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या– **55**
17/01/2026

# बख्तियारपुर में प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानियों के प्रतिमा स्थल पर आयोजित राजकीय समारोह में शामिल हुये मुख्यमंत्री, दी अपनी श्रद्धांजलि

**पटना, 17 जनवरी 2026** :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार, पटना जिले के बख्तियारपुर में प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानियों के प्रतिमा स्थल पर आयोजित राजकीय समारोह में शामिल हुये। मुख्यमंत्री ने शहीद नाथुन सिंह यादव जी (प्रतिमा स्थल–नया बाईपास, राघोपुर तिराहा, बख्तियारपुर), स्व0 मोगल सिंह जी (प्रतिमा स्थल–प्रखंड कार्यालय परिसर, बख्तियारपुर), स्व0 पं0 शीलभद्र याजी जी (प्रतिमा स्थल–प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर, बख्तियारपुर) स्व0 कविराज रामलखन सिंह 'वैद्य' जी (प्रतिमा स्थल–नवनिर्मित डाकबंगला परिसर, बख्तियारपुर) एवं स्व0 डुमर सिंह जी (प्रतिमा स्थल–श्री गणेश उच्च विद्यालय परिसर, बख्तियारपुर) की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और अपनी श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, जदयू के राष्ट्रीय महासचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, पूर्व विधान पार्षद श्री रामचन्द्र भारती, बिहार राज्य नागरिक परिषद् के महासचिव श्री अरविंद कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार रवि, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ0 चन्द्रशेखर सिंह, जिलाधिकारी डॉ0 त्यागराजन एस0एम0, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री कार्तिकेय के0 शर्मा सहित स्वतंत्रता सेनानियों के परिजन, अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं गणमान्य व्यक्तियों ने भी पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी।

******